- **अल्बुकर्क राजा राममोहन राय का पूर्व गामी था।**
- पुर्तगीजों को भारतीय स्त्रियों से विवाह के लिए अल्बुकर्क ने प्रोत्साहित किया ।
- अल्बुकर्क ने पुर्तगीज सेना में भारतीयों की भर्ती प्रारम्भ की।

☞ **नीनो डी. कुन्हा (1529-1538)**

अल्बुकर्क के बाद सबसे प्रभावशाली पुर्तगाली गवर्नर नीनो डी. कुन्हा था। जिसने 1529 ई. में भारत में कार्य भार ग्रहण किया ।

- **कुन्हा ने 1530 ई. में शासन का प्रमुख केन्द्र कोचीन के स्थान पर गोवा को बनाया।**
- कुन्हा ने दमन, सालसेट, चौल, बम्बई सेन्टटॉमस, मद्रास और हुगली में पुनः अपने केन्द्र स्थापित किये।
- कुन्हा ने हुगली और सैनथोमा मद्रास के पास पुर्तगाली बस्तियों को स्थापित किया ।
- **भारत में प्रथम पादरी फ्रांसिस्को जेवियर का आगमन पुर्तगाली गवर्नर मार्टिन डिसूजा 1542-1545 के समय हुआ ।**
- पुर्तगालियों ने हिन्द महासागर से होने वाले आयात निर्यात पर एकाधिकार स्थापित कर लिया ।
- मुग़ल शासक अकबर के दरबार में दो पुर्तगाली इसाई पादरियों मोंसरेट तथा फादर एकाबिवा का आगमन हुआ ।
- **भारत में तम्बाकू की खेती, जहाज निर्माण एवं तथा प्रिंटिंग प्रेस की शुरुआत पुर्तगालियों के आगमन के पश्चात् हुई ।**
- **पुर्तगालियों ने ही सन् 1556 में प्रथम प्रिंटिंग प्रेस की स्थापना की ।**
- 1661 ई. में तत्कालीन ब्रिटिश सम्राट (अंग्रेज) चार्ल्स द्वितीय ने पुर्तगाली राजकुमारी कैथरीन से विवाह कर लिया और पुर्तगालियों ने चार्ल्स द्वितीय को मुम्बई द्वीप दहेज में दे दिया।
- नीनो डी कुन्हा के समय की एक बड़ी घटना गुजरात के शासक **बहादुर शाह** की मृत्यु (1537) थी, जो पुर्तगालियों के साथ जहाज पर बातचीत के दौरान समुद्र में डूबने से हुई थी।

महत्त्वपूर्ण तथ्य

- बंगाल के शासक '**गियासुद्दीन महमूद शाह** (Ghiyasuddin Mahmud Shah)' द्वारा पुर्तगालियों को चटगाँव और सतगाँव में व्यापारिक कम्पनियाँ खोलने की अनुमति दी गई।
- 'अकबर' की अनुमति से हुगली में कम्पनी की स्थापना की गई ।
- शाहजहाँ ने पुर्तगालियों के अधिकार से 'हुगली' को छीन लिया था।

कार्टज आर्मेडा काफिला व्यवस्था :- यह समुद्री व्यापार पर नियंत्रण व्यवस्था थी। इसके अन्तर्गत कोई भी भारतीय या अरबी जहाज बिना 'परमिट' लिए अरब सागर में नहीं जा सकता था।

इन जहाजों में **काली मिर्च व गोला बारूद ले जाना मना था।**

पुर्तगालियों के पतन के कारण

- पुर्तगालियों का भ्रष्ट शासन, दोषपूर्ण व्यापार प्रणाली, धार्मिक और वैवाहिक नीति, योग्य शासकों का अभाव, स्पेन द्वारा पुर्तगाल का विलय, डचों का प्रवेश एवं सैन्य चुनौती आदि पुर्तगालियों के पतन के कारण बनें ।

पुर्तगालियों की भारत को देन

- **मध्य अमेरिका से तम्बाकू, मूंगफली, आलू, मक्का, पपीता और अमरुद का भारत में प्रवेश पुर्तगालियों ने कराया।**
- बादाम, लीची, संतरा, अनानास एवं काजू का प्रवेश अन्य देशों से भारत में पुर्तगालियों के माध्यम से हुआ।
- जहाज निर्माण तथा प्रिंटिंग प्रेस (1556 ई.) की स्थापना भारत में पुर्तगालियों ने प्रारम्भ की।
- **पुर्तगालियों द्वारा भारत में गोथिक स्थापत्य कला का आगमन हुआ।**

☞ **डच**

- डच पुर्तगालियों के बाद भारत आये।
- डच नीदरलैण्ड व हॉलैण्ड के निवासी थे।
- डचों की कम्पनी का नाम यूनाइटेड ईस्ट इण्डिया कम्पनी ऑफ नीदरलैण्ड था, की स्थापना 1602 में की थी। वास्तविक नाम वेरीगीडे ओस्त इन्डिशे कम्पनी था ।
- **डचों ने भारत में अपनी "प्रथम फैक्ट्री" 1605 ई. में मसूली पट्टनम में स्थापित की ।**
- डचों का भारत में प्रथम दल "कार्नेलियस डी हाउटमैन के नेतृत्व में भारत आया । वह भारत आने वाला प्रथम डच नागरिक था ।
- डचों नें 1602 ई. में कंपनी स्थापित की लेकिन लेकिन गुजरात (सूरत - 1616) और बंगाल (पीपली - 1627) में फैक्ट्रियाँ बाद के वर्षों में व्यापारिक फैक्ट्रियाँ स्थापित की ।
- डचों ने मसूली पट्टनम, पुलीकट, सूरत, कराइकल, बालासोर, नागपट्टनम और कोचीन में कोठियाँ खोली ।
- डचों ने बंगाल में पहली फैक्ट्री '1627' में पीपली - (स्थाई कम्पनी) में स्थापित की।
- **'1653' में डचों ने हुगली के निकट चिनसुरा में अपनी फैक्ट्रियाँ स्थापित की ।**

अध्याय – 4

स्वातंत्र्योत्तर राष्ट्र निर्माण और पुनर्गठन

1945 -1947 के बीच का भारत

- वैवेल योजना - जून 1945
- आजाद हिंद फौज एवं लाल किला मुकदमा – नवम्बर 1945
- शाही भारतीय नौसेना विद्रोह –फरवरी 1946
- कैबिनेट मिशन – मार्च 1946
- ब्रिटिश प्रधानमंत्री एटली की घोषणा – 20 फरवरी 1947
- माउंटबेटन योजना – 3 जून 1947

वैवेल योजना (1945) –वायसराय वैवेल ने 1945 में एक राजनीतिक सुधार की योजना प्रस्तुत की जिसे वेवेल योजना के नाम से जाना जाता है।

- **इस योजना के अनुसार वायसराय के कार्यकारिणी का पुर्नगठन किया जाना था। इस उद्देश्य से राजनीतिक नेताओं को जेल से रिहा किया गया और जून 1945 में शिमला में एक सम्मेलन बुलाया गया।**
- ब्रिटिश सरकार इन राजनीतिक सुधारों के लिए इसलिए उत्साहित थी कि 1945 में इंग्लैण्ड में चुनाव होने वाले थे और वहाँ की सरकार यह प्रदर्शित करना चाहती थी कि वह भारत में समस्या समाधान के प्रति गंभीर है।

वैवेल योजना के अंतर्गत निम्नलिखित प्रावधान रखे गए :

(i) वायसराय एवं कमांडर-इन चीफ को छोड़कर वायसराय की कार्यकारिणी के सभी सदस्य भारतीय होंगे और परिषद् में हिंदू मुसलमानों की संख्या बराबर रखी जाएगी।

(ii) वायसराय वीटो पावर के प्रयोग का प्रयास नहीं करेगा।

- इस योजना के संदर्भ में मुस्लिम लीग चाहती थी कि उसे ही भारत मुसलमानों का एक मात्र दल माना जाए वायसराय की कार्यकारिणी में मुस्लिम लीग के बाहर का कोई मुसलमान नहीं होना चाहिए। कांग्रेस के संभावित मुस्लिम प्रतिनिधियों में **मौलाना अबुल कलाम आजाद** प्रमुख थे।**खान अब्दुल गफ्फार खान** कार्यकारिणी के लिए कांग्रेस की आधिकारिक सूची में सामान्यतः शामिल नहीं माने जाते।
- जिसका जिन्ना ने विरोध किया। अतः वायसराय वैवेल ने जिन्ना की आपत्ति देखते हुए सम्मेलन को असफल घोषित कर समाप्त कर दिया।
- कांग्रेस ने जिन्ना के मत को इसलिए स्वीकार नहीं किया क्योंकि ऐसा करने से कांग्रेस एक साम्प्रदायिक दल अर्थात् हिंदू दल के रूप में जाना जाता और भारत के मुसलमानों का एकमात्र दल मुस्लिम लीग को माना जाता । इससे मुस्लिम लीग की भारत विभाजन की माँग और मजबूत हो जाती।

आजाद हिन्द फौज (भारतीय राष्ट्रीय सेना-INA)

- **INA की स्थापना 1942 में मोहन सिंह ने की थी।** जापानी मेजर फूजीवारा ने मोहन सिंह को इसके गठन का सुझाव दिया था। उन्होंने मोहन सिंह से कहा कि भारत की स्वतंत्रता के लिए जापानियों के साथ मिलकर कार्य करें ।
- वस्तुतः मोहन सिंह ब्रिटिश सेना में एक भारतीय सैन्यअधिकारी थे और जब ब्रिटिश सेना दक्षिण पूर्व एशिया से पीछे रह रही थी तो मोहन सिंह जापानियों के साथ हो गए। इसी क्रम में। सितम्बर 1942 को मोहन सिंह के अधीन मलाया में INA का गठन हुआ।
- **INA का दूसरा चरण उस समय आया जब सुभाष चन्द्र बोस 2 जुलाई 1943 में सिंगापुर पंहुचे और वहां से उन्होंने "दिल्ली चलो" का नारा दिया ।** यहाँ क्रांतिकारी नेता रास बिहारी बोस ने उन्हें सहयोग दिया। अतः सुभाष चन्द्रबोस ने 21 अक्टूबर 1943 आजाद हिंद फौज के नाम से एक अस्थायी सरकार का गठन किया। इसका मुख्यालय सिंगापुर के साथ-साथ रंगून(म्यांमार) में भी बनाया गया ।
- बोस की सरकार ने Uk और USA के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी और गाँधी, नेहरू एवं सुभाष नामक सैन्य टुकड़ी का गठन किया तो **महिलाओं के लिए रानी झाँसी रेजिमेंट का गठन किया ।**
- 6 जुलाई 1944 में सुभाष चन्द्र बोस ने एक रेडियो संदेश में कहा कि भारत की स्वतंत्रता के लिए अंतिम युद्ध शुरू हो चुका हमारे राष्ट्रपिता भारतीय स्वतंत्रता के इस युद्ध में हमें आपका आशीर्वाद चाहिए।
- शहनवाज खान के नेतृत्व में INA की सैन्य टुकड़ी जापानियों के साथ मिलकर भारत - बर्मा सीमा पर हमला करने के लिए इंफाल भेजी गयी किंतु जब जापानियों की विश्व युद्ध में पराजय होने लगी तब उनके साथ-साथ आजाद हिंद फौज के सैनिकों को भी आत्मसमर्पण करना पड़ा और उन पर मुकदमा चला।

लाल किला मुकदमा (नवम्बर 1945):

- आजाद हिंद फौज के बंदी सैनिकों पर ब्रिटिश सरकार द्वारा लाल किले में मुकदमा चलाया गया। फ़ौज के शाहनवाज खान, गुरुबख्श सिंह ढिल्लो एवं प्रेम कुमार सहगल को एक ही कठघरे में खड़ा किया गया।
- नेहरू ने सरकार से इन गुमराह देश भक्तों के प्रति उदारता दिखाने की अपील की। इसी क्रम में कांग्रेस ने सैनिकों के बचाव हेतु एकआजाद हिंद फौज समिति का गठन किया।
- लाल किले मुकदमे में बचाव पक्ष का नेतृत्व 'भूलाभाई देसाई' कर रहे थे। नेहरू ने इस मुकदमे के दौरान 25 वर्ष पश्चात् काली कोट पहनी।
- लाल किले मुकदमे के संदर्भ में कैदियों को सभी राजनीतिक दलो जैसे - कांग्रेस, मुस्लिम लीग, कम्युनिस्ट पार्टी आदि का समर्थन प्राप्त था। मुकदमे के दौरान जनता ने सक्रिय भूमिका निभायी देश भर में हड़ताल और प्रदर्शन का आयोजन किया गया। समाचार पत्रों में लेख लिखे गए।
- **5-11 नवम्बर 1945** को कई स्थानों पर **INA Week** मनाया गया।तथा **12 नवम्बर 1945 को आजाद हिंद दिवस मनाया गया।**

- इसी तरह **अखिल भारतीय महिला सम्मेलन में इन युद्ध बंदियों को रिहा करने की मांग की गयी।** साथ ही, सरकारी कर्मचारी एवं सेना के लोग भी सरकार के विरुद्ध हो गए। वे सरकार विरोधी सभाओं में जाते थे और चंदा भी देते थे।
- मुकदमे के संदर्भ में आंदोलन में भारतीय जनता के राष्ट्रवाद का परिपक्व रूप दिखाई पड़ा। वस्तुतः भारत बनाम इंग्लैण्ड का मुद्दा स्पष्ट हो गया और भारतीय का आंदोलन पूर्णतः आजादी के रंग में रंगने लगा। अतः सरकार ने भी घोषणा की कि उन्हीं कैदियों पर मुकदमा चलेगा जिस पर बर्बरता एवं हत्या का आरोप है।
- आजाद हिंद फौज के केप्टन अब्दुल रशीद को 7 वर्ष की सजा दिए जाने के विरोध में प्रदर्शन हुआ जिसका नेतृत्व मुस्लिम लीग के छात्रों ने किया। इसमें कांग्रेस एवं कम्युनिस्ट पार्टी के छात्र संगठन भी शामिल हुए।

☞ **<u>शाही भारतीय नौसेना विद्रोह (18 फरवरी 1946)</u> - बाम्बे बंदरगाह पर खड़े हुए नौसैनिक प्रशिक्षण जहाज 'तलवार पर नाविकों ने ब्रिटिश नस्लवादी व्यवहार एवं सुविधाओं में कमी के मुद्दे पर ब्रिटिश सरकार का विरोध किया। इसी क्रम में नाविक पी.सी दत्त ने'तलवार' की दीवारों पर अंग्रेजों भारत छोड़ों लिख दिया।**

- फलतः उन्हें गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में द शाही नौसेना के नाविकों ने सरकार से उन्हें रिहा करने की मांग की तो साथ ही आजाद हिंद फौज के बंदियों की रिहाई एवं इण्डोनेशिया से भारतीय सैनिकों के वापसी की मांग की शीघ्र ही यह विद्रोह अन्य जहाजों पर भी फैल गया और नाविकों ने सरकारी आदेश को मानने से इंकार कर दिया। यह विद्रोह 1857 के विद्रोह की याद ताजा करता है।
- वस्तुतः 1857 का विद्रोह भी नागरिक असंतोष को व्यक्त करता है जिसकी शुरुआत सैन्य छावनी से सैनिक असंतोष के रूप में हुई थी और इसमें सैनिकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में असैनिक भी सम्मिलित राष्ट्रीय चेतना से मुक्त न होते हुए भी यह विद्रोह राष्ट्रीय चेतना के विकास में अपनी भूमिका निभाता है। इस दृष्टि से इसे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की कोर्ट में रखा जाता है।
- इस विद्रोह के पश्चात् भारत से कम्पनी शासन की समाप्ति कर दी गयी और भारत में क्राउन का शासन स्थापित हुआ। अब सरकार ने अपनी नीतियों में परिवर्तन करते हुए विलय और विस्तार की नीति त्याग दिया । इस तरह सरकार की नीतियों में परिवर्तन के लिए 1857 का विद्रोह ऐतिहासिक मोड़ साबित हुआ।
- इसी तरह, शाही भारतीय नौसैनिक विद्रोह भी जन असंतोष की अभिव्यक्ति था। नस्लवादी व्यवहार एवं निम्न स्तर की सुविधाएँ इस विद्रोह का तात्कालिक कारण था । सैनिकों से शुरू हुए इस विद्रोह में जगह-जगह असैनिक समूह भी सरकार विरोधी कार्यक्रम में शामिल होते गए।
- यह विद्रोह राष्ट्रवाद की परिपक्व अवस्था को सूचित करता है। इस विद्रोह के उपरांत सरकार ने कैबिनेट मिशन माध्यम से भारतीयों द्वारा निर्मित एक संविधान सभा और अंतरिम सरकार के गठन की घोषणा की। तत्पश्चात् भारत की आजादी सामने आयी।
- इस तरह, यह विद्रोह ब्रिटिश शासन की समाप्ति अर्थात् ब्रिटिश साम्राज्यवाद के ताबूत में अंतिम कील साबित हुआ जिसमें प्रथम कील 1857 के विद्रोह ने लगायी थी।
- हड़ताली नाविकों ने केंद्रीय नौसेना हड़ताल समिति का गठन किया जिसके प्रमुख एम.एस.खान थे। नाविकों ने अपने जहाज पर कांग्रेस, मुस्लिम लीग, कम्युनिस्ट पार्टी के झंडे लगाए जो इस बात का संकेत है कि विद्रोह दल और सम्प्रदाय से ऊपर उठकर कार्य कर रहे थे। इन विद्रोहियों ने राजनीतिक कैदियों के रिहाई की मांग की।
- **विद्रोह का प्रसार बाम्बे, कोलाबा (महाराष्ट्र), कराँची, कलकत्ता, जबलपुर दिल्ली, अम्बाला, जालंधर आदि स्थानों पर फैला । यहाँ मौजूद रक्षा संस्थानों में कर्मचारियों ने हड़ताल की । अंततः जिन्ना एवं पटेल के प्रयासों से नाविकों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पटेल ने लिखा कि ब्रिटिश सैन्य ताकतें इतने जबरदस्त तरीके से जुटी है कि वे विद्रोहियों को पूर्णतः नष्ट कर सकती।**
- इस विद्रोह के दौरान आम जनता ने विद्रोहियों के पक्ष में एकजुटता प्रदर्शित की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की इतिहास की पुस्तक में इस विद्रोह का उल्लेख चाहे ना मिलता हो किंतु इसकी भूमिका भारतीय जनमानस पर अंकित है।
- केन्द्रीय नौसेना हड़ताल समिति ने अपने अंतिम संदेश में कहा कि "हमारी हड़ताल हमारे राष्ट्र के जीवन की ऐतिहासिक घटना है। पहली बार सेना के जवानों एवं आम आदमी का खून एक साथ और एक लक्ष्य के लिए सड़कों पर बह रहा है। हम फौजी इसे कभी नहीं भूलेंगे। हमारी महान जनता जिंदाबाद ।

<u>नौसेना विद्रोह का प्रभाव</u> : इस विद्रोह द्वारा जनता की निडरता एवं संघर्ष क्षमता की सशक्त अभिव्यक्ति हुई। विद्रोहियों को भारतीयों ने ब्रिटिश शासन की पूर्ण समाप्ति के रूप में देखा और इसे वे स्वतंत्रता दिवस की तरह मनाने लगे।

- इस विद्रोह ने ब्रिटिश सरकार को भारतीयों के समक्ष झुकने के लिए विवश किया। इसी क्रम में सरकार ने घोषणा की कि INA के उन्हीं बंदियों पर मुकदमा चलेगा जिन पर बर्बरता एवं हत्या का आरोप है। साथ ही, इण्डोनेशिया से भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने की घोषणा की गयी एवं भारतीय मामलों पर विचार के लिए एक उच्च स्तरीय कैबिनेट मिशन भारत भेजा गया।

<u>कैबिनेट मिशन (मार्च 1946)</u>



पृष्ठभूमि : – द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् ब्रिटेन की आर्थिक स्थिति कमजोर होने लगी थी। अतः उपनिवेशों पर पकड़ बनाए रखना सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण हुआ ब्रिटेन में संसदीय चुनाव हुए और वहां लेबर 1945 मे पार्टी को बहुमत मिला और ऐटली प्रधानमंत्री बने।

- ब्रिटेन की नई सरकार ने आरंभ में यह स्पष्ट कर दिया कि वह भारतीय संवैधानिक समस्या को अतिशीघ्र सुलझाना चाहती है। चुनाव में सत्ता परिवर्तन से यह स्पष्ट हुआ कि ब्रिटिश जनता भी सरकार की नीतियों में परिवर्तन चाहती है।
- इसी क्रम में, ऐटली ने भारत के संदर्भ में कहा कि अल्पसंख्यकों की मांगें विचारणीय है किंतु उन्हें बहुसंख्यकों के हितों की उपेक्षा कर के पूरा नहीं किया जा सकता। यह ब्रिटिश सरकार के दृष्टिकोण में नीतिगत परिवर्तन को दर्शाता है।
- इसी क्रम में, ब्रिटिश सरकार ने 1946 में तीन सदस्यीय कैबिनेट मिशन भारत भेजने की घोषणा की। इसमें शामिल थे –

पेंथिक लॉरेन्स-भारत सचिव
स्टेफार्ड क्रिप्स –व्यापार बोर्ड के अध्यक्ष
ए. वी. एलेक्ज़ेंडर- ब्रिटिश नौसेना प्रमुख

- मार्च 1946 में कैबिनेट मिशन भारत पहुँचा और मई 1946 में उसने अपनी योजना प्रस्तुत की।

प्रावधान :- कैबिनेट मिशन के तहत एक भारतीय परिसंघ के निर्माण की योजना प्रस्तुत की गयी जिसमें सभी ब्रिटिश प्रांत और देशी रियासतें शामिल थी। तथा इस एकीकृत संघ को केवल रक्षा विदेशी मामलें एवं संचार के विषय दिए गए । अन्य सभी अधिकार प्रांतो को दिया गया।

- पाकिस्तान की मांग को अस्वीकार कर दिया गया क्योंकि मुस्लिम बहुल प्रांतों का एक अलग राष्ट्र के रूप में सम्मिलित होना संभव नहीं था। साथ ही, इससे नयी तरह की समस्याएँ बड़ी हो सकती थी जैसे- पंजाब के जालंधर एवं अम्बाला डिविजन में हिंदू और सिख बहुसंख्यक थे, अतः वे भी विभाजन की मांग कर सकते थे।
- इसी तरह, सशस्त्र सेनाओं का विभाजन भी खतरनाक हो सकता था। सबसे बढ़कर विभाजन से प्रशासनिक और आर्थिक समस्याएं बड़ी हो सकती थी जैसे-पाकिस्तान बनने से उसके पूर्वी और पश्चिमी भागों के मध्य संचार की समस्या।

सम्पूर्ण भारतीय प्रांतों को 3 समूहों में रखा गया। समूह A- इसमें बाम्बे मद्रास, संयुक्त प्रांत, मध्य प्रांत, बिहार और उड़ीसा शामिल थे। (हिंदू बहुसंख्यक) समूह3 - इसमें पंजाब, उत्तर पश्चिमी सीमा प्रांत और सिंध शामिल था। (मुस्लिम बहुसंख्यक)

समूह-C- इसमें बंगाल एवं असम शामिल था (मुस्लिम बहुसंख्यक)

- **संविधान सभा का गठन भारतीयों द्वारा किया जाएगा । इस संविधान सभा का निर्वाचन प्रांतों की विधानसभा के सदस्य करेंगे** और प्रांत की जनसंख्या के आधार पर सदस्य संख्या निर्धारित होगी । 10 लाख की जनसंख्या पर एक प्रतिनिधि रखा जाएगा ।
- संविधान लागू होते ही देशी राज्यों पर से ब्रिटिश सर्वोच्चता समाप्त हो जाएगी और यह रियासतें भारतीय संघ के साथ संधि करने के लिए स्वतंत्र होगी।
- एक अंतरिम सरकार का गठन होगा जिसमें 14 सदस्य होंगे। इसमें मुख्य राजनीतिक दल और सम्प्रदाय के लोग शामिल होंगे। (कांग्रेस-6 मुस्लिम लीग सिख इसाई और पारसी धर्म के 1-1 सदस्य रखे जाएंगे ।)
- मूल्यांकन : - द्विराष्ट्र बाद सिद्धांत की समस्या को सुलझाने अर्थात् हिन्दू -मुस्लिम मतभेद को सुलझाने का एक ईमानदार प्रयास कैबिनेट मिशन द्वारा की गया था ।
- भारतीय संघ की स्थापना का प्रस्ताव देश की एकता को बनाये रखने की कांग्रेस की मांग के अनुरूप था जबकि प्रांतों को दी गयी आंतरिक स्वायत्तता मुस्लिम लीग के दृष्टिकोण के नजदीक था । साथ ही **पाकिस्तान की मांग को अस्वीकार करना भारत विभाजन को रोकने की दिशा में उठाया गया एक सकारात्मक कदम था।**
- इतना ही नहीं, भारतीयों द्वारा अंतरिम सरकार का गठन तथा संविधान सभा का निर्माण करना एक सकारात्मक पहलु था। किंतु केन्द्र की शक्तियों को सीमित कर प्रांतों को अत्यधिक अधिकार दिया गया जो अलगाव की दिशा में एक कदम था।

☞ **प्रधानमंत्री एटली की घोषणा (20 फरवरी 1947)**

- भारत में बढ़ते साम्प्रदायिक संघर्ष और ब्रिटिश राज पर बढ़ते दबाव ने प्रधानमंत्री एटली को इस घोषणा के लिए बाध्य किया कि जून 1948 तक हर हाल में भारत को आजाद कर दिया जाएगा और इसके लिए माउंटबेटन को नया वायसराय बनाकर भारत भेजा गया।
- ऐटली ने कहा कि सभी राजनीतिक दल मिल जुल कर नए उत्तरदायित्व को स्वीकार करेंगे और अपने राजनीतिक मतभेद भुलाकर कार्य करेंगे ।
- इस घोषणा का मुस्लिम लीग और कांग्रेस ने स्वागत किया क्योंकि यह व्यवहारिक स्तर पर देश की वर्तमान स्थिति के अनुसार की गयी घोषणा थी।

माउंटबेटन योजना / मनबाटन योजना, डिकी बर्ड योजना/ 3 जून की योजना (विभाजन के साथ हस्तांतरण की योजना): -

पृष्ठभूमि :-

- भारत में कैबिनेट मिशन ने पाकिस्तान की मांग को अस्वीकार कर दिया और एक अंतरिम सरकार तथा संविधान सभा के गठन की घोषणा की।
- अतः मुस्लिम लीग की पाकिस्तान की मांग अधूरी रह गयी। अतः उसने 16 अगस्त 1946 को प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस मनाने, लगे पाकिस्तान का नारा दिया जो साम्प्रदायिक

आधुनिक विश्व का इतिहास

अध्याय – I

पुनर्जागरण व धर्म सुधार

पुनर्जागरण (Renaissance in Europe) का शाब्दिक अर्थ होता है, "फिर से जागना" । चौंदहवीं और सोलहवीं शताब्दी के बीच यूरोप में जो सांस्कृतिक प्रगति हुई उसे ही "पुनर्जागरण" कहा जाता है ।

चौंदहवीं शताब्दी से सत्रहवीं शताब्दी तक यूरोप में सांस्कृतिक क्षेत्र में जो आश्चर्यजनक उन्नति हुई, उसे 'पुनर्जागरण' के नाम से पुकारा जाता है।

कथन

- **पं. जवाहरलाल नेहरू** का कथन है कि, "पुनर्जागरण का अर्थ विद्या का पुनर्जन्म तथा कला, विज्ञान और साहित्य तथा यूरोपीय भाषाओं का विकास है।"
- **इतिहासकार स्वेन** का कथन है कि, "पुनर्जागरण से ऐसे सामूहिक शब्द का बोध होता है जिसमें मध्यकाल की समाप्ति तथा आधुनिक काल के प्रारम्भ तक के बौद्धिक परिवर्तनों का समावेश होता है।"
- **प्रो. ल्यूकस** का कथन है कि, "चौंदहवीं से सत्रहवीं शताब्दी के बीच में यूरोप में होने वाले महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक परिवर्तनों को 'पुनर्जागरण' कहते हैं।"
- **इतिहासकार डेविस** के अनुसार, "पुनर्जागरण शब्द मानव के स्वतंत्रता प्रिय, साहसी विचारों को जो मध्य युग में धर्माधिकारियों द्वारा जकड़े व बन्दी बना दिये गये थे, व्यक्त करता है।"
- **सीमोण्ड** के अनुसार, "पुनर्जागरण एक ऐसा आंदोलन है, जिसके फलस्वरूप पश्चिम के राष्ट्र मध्य युग से निकल कर वर्तमान युग के विचार तथा जीवन की पद्धतियों को ग्रहण करने लगे हैं।"
- **फिशर का** कथन है कि, "सर्वप्रथम इटली ने नगरों में प्राचीन यूनानी एवं रोमन कला, साहित्य का पुनः सृजन, मानववादी आंदोलन का प्रारम्भ, स्थापत्य कला एवं चित्रकला का नया स्वरूप, व्यक्तित्व एवं व्यक्तिवादी सिद्धांतों का विकास, नवीन दृष्टिकोण, वैज्ञानिक तथा ऐतिहासिक आलोचना, छापेखाने का आविष्कार, दर्शन शास्त्र एवं धर्मशास्त्र का नया स्वरूप तथा विवेचन इत्यादि तत्त्वों तथा विशेषताओं को सामूहिक रूप से 'पुनर्जागरण' कहते हैं ।

पुनर्जागरण की प्रमुख विशेषताएँ-

1. **स्वतंत्र चिंतन को प्रोत्साहन-** पुनर्जागरण ने स्वतंत्र चिंतन की विचारधारा को प्रोत्साहन दिया। अब मनुष्य परम्परागत विचारों और मान्यताओं को तर्क की कसौटी पर कसने लगा। अब मनुष्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उदय हुआ।
2. **व्यक्तित्व का विकास-** पुनर्जागरण के परिणामस्वरूप मनुष्य को प्राचीन रूढ़ियों, अंधविश्वासों एवं धार्मिक पाखण्डों से मुक्ति मिली। इसके फलस्वरूप मनुष्य के व्यक्तित्व का स्वतंत्र रूप से विकास हुआ।
3. **मानववादी विचारधारा का विकास-** पुनर्जागरण ने मानववादी विचारधारा का प्रसार किया। अब मनुष्य को यह प्रेरणा मिली की उसे परलोक की चिन्ता छोड़कर इस जीवन को आनन्द से बिताना चाहिए। धर्म एवं मोक्ष के स्थान पर मानव-जीवन को सुखी एवं समृद्ध बनाना चाहिए।
4. **देशी भाषाओं का विकास-** पुनर्जागरण के परिणामस्वरूप देशी भाषाओं का अत्यधिक विकास हुआ। अब जन-साधारण की भाषाओं में ग्रंथ लिखे गए जिसके फलस्वरूप देशी भाषाओं का बहुत अधिक विकास हुआ।
5. **चित्रकला के क्षेत्र में उन्नति-** पुनर्जागरण के परिणामस्वरूप चित्रकला के क्षेत्र में अत्यधिक उन्नति हुई।
6. **वैज्ञानिक विचारधारा का विकास-** पुनर्जागरण के कारण वैज्ञानिक विचारधारा का भी विकास हुआ। अब सभी विषयों को तर्क एवं विज्ञान की कसौटी पर कसा जाने लगा।

पुनर्जागरण के प्रमुख कारण निम्नलिखित थे-

1. **धर्म-युद्ध-**

- धर्मयुद्ध (क्रूसेड)-ईसाई धर्म के पवित्र तीर्थ स्थान जेरूसलम के अधिकार को लेकर ईसाइयों और मुसलमानों (सेल्जुक तुर्क) के बीच लड़े गये युद्ध इतिहास में 'धर्मयुद्धों के नाम से विख्यात हैं। ये युद्ध लगभग दो सदियों तक चलते रहे। इन धर्मयुद्धों के परिणामस्वरूप यूरोपवासी पूर्वी रोमन साम्राज्य (जो इन दिनों में बाइजेंटाइन साम्राज्य के नाम से प्रसिद्ध था) तथा पूर्वी देशों के संपर्क में आये।
- इस समय में जहाँ यूरोप अज्ञान एवं अन्धकार में डूबा हुआ था, पूर्वी देश ज्ञान के प्रकाश से आलोकित थे।
- पूर्वी देशों में अरब लोगों ने यूनान तथा भारतीय सभ्यताओं के संपर्क से अपनी एक नई समृद्ध सभ्यता का विकास कर लिया था। इस नवीन सभ्यता के संपर्क में आने पर यूरोपवासियों ने अनेक वस्तुएं देखी तथा उन्हें बनाने की पद्धति भी सीखी।
- इससे पहले वे लोग अरबों से कुतुबनुमा, वस्त्र बनाने की विधि, कागज और छापाखाने की जानकारी प्राप्त कर चुके थे।
- इन धर्म-युद्धों के कारण यूरोपवासियों को पूर्वी देशों की तर्क-शक्ति, प्रयोग पद्धति तथा वैज्ञानिक खोजों की पर्याप्त जानकारी प्राप्त हुई। उन्हें प्राचीन यूनानी तथा रोमन विद्वानों की पुस्तकें पढ़ने का अवसर मिला। जिससे उन लोगों के ज्ञान-विज्ञान में वृद्धि हुई।
- धर्म-युद्धों के कारण यूरोप के पूर्वी देशों से व्यापारिक संबंध स्थापित हुए। यूरोप के अनेक साहसी लोगों ने पूर्वी देशों की यात्राएँ की तथा अपनी यात्राओं के विवरण लिखे, जिन्हें पढ़ने से यूरोपवासियों के संकीर्ण विचार समाप्त हुए तथा उनके ज्ञान-विज्ञान में वृद्धि हुई।
- धर्मयुद्धों के परिणामस्वरूप यूरोपवासियों को नवीन मार्गों की जानकारी मिली और यूरोप के कई साहसिक लोग पूर्वी देशों की यात्रा के लिए चल पड़े। उनमें से कुछ ने पूर्वी देशों की

यात्राओं के दिलचस्प वर्णन लिखे, जिन्हें पढ़कर यूरोपवासियों की कूप-मंडूकता दूर हुई।

- मध्ययुग में लोग अपने सर्वोच्च धर्माधिकारी पोप को ईश्वर का प्रतिनिधि मानने लगे थे। परन्तु जब धर्मयुद्धों में पोप की सम्पूर्ण शुभकामनाओं एवं आशीर्वाद के बाद भी ईसाइयों की पराजय हुई तो लाखों लोगों की धार्मिक आस्था डगमगा गई और वे सोचने लगे की पोप भी हमारी तरह एक साधारण मनुष्य मात्र है।

2. पूर्व से संपर्क-

पूर्वी देशों के संपर्क में आने से यूरोपवासी अत्यधिक प्रभावित हुए। अरब लोग स्वतंत्र रूप से चिंतन करते थे। उन्हें अरस्तू, प्लेटो आदि की पुस्तकों का भी ज्ञान था। इस प्रकार अरब लोगों ने यूरोपियनों का ध्यान यूनानी दर्शन, ज्ञान-विज्ञान आदि की ओर आकर्षित किया । यूरोपियन लोगों ने अरबों तथा चीन से कुतुबनुमा, बारूद, कागज, छापेखाने आदि की जानकारी प्राप्त की। इस प्रकार पूर्वी देशों के संपर्क में आने से यूरोपवासियों में स्वतंत्र चिंतन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण आदि की भावनाएँ उत्पन्न हुई।

3. मंगोलों का योगदान-

- 13वीं शताब्दी में मंगोल नेता कुबलई खाँ ने एक विशाल मंगोल साम्राज्य स्थापित किया। कुबलई खाँ ने अपने दरबार में अनेक विद्वानों, साहित्यकारों, धर्म प्रचारकों, राजदूतों आदि को संरक्षण दे रखा था। इटली का प्रसिद्ध यात्री मार्कोपोलो भी उसके दरबार में पहुँचा था। चीन से लौटकर उसने अपनी यात्रा का रोचक वर्णन लिखा। इस वर्णन से यूरोपवासियों को नये-नये देशों की खोज करने तथा अपनी संस्कृति को विकसित करने की प्रेरणा मिली।
- उसने कुबलई खाँ से प्रभावित होकर समुद्री यात्रा के लिए प्रस्थान किया। अरबों तथा मंगोलों के संपर्क से यूरोपवासियों को छापाखाना, कुतुबनुमा, बारूद, कागज आदि की जानकारी हुई। इन चीजों की जानकारी ने यूरोपवासियों के दृष्टिकोण में क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिया।
- यूरोप के बहुत से देशों विशेषकर स्पेन, सिसली और सार्डिनिया में अरबों के बस जाने से पूर्व यूरोपवासियों को बहुत सी बातें सीखने को मिली। अरब लोग स्वतंत्र चिंतन के समर्थक थे और उन्हें यूनान के प्रसिद्ध दार्शनिकों प्लेटो तथा अरस्तु की रचनाओं से विशेष लगाव था।
- ये दोनों विद्वान् स्वतंत्र विचारक थे और उनकी रचनाओं में धर्म का कोई संबंध न होता था। अरबों के संपर्क से यूरोपवासियों का ध्यान भी प्लेटो तथा अरस्तु की ओर आकर्षित हुआ। तेरहवीं सदी के मध्य में कुबलाई खाँ ने एक विशाल मंगोल साम्राज्य स्थापित किया और उसने अपने ही तरीके से यूरोप और एशिया को एक-दूसरे से परिचित कराने का प्रयास किया। उसके दरबार में जहाँ पोप के दूत तथा यूरोपीय देशों के व्यापारी एवं दस्तकार रहते थे, वहीं भारत तथा अन्य एशियाई देशों के विद्वान् भी रहते थे।

4. नगरों का विकास-

- व्यापार के विकास के कारण यूरोप में नगरों का विकास हुआ। व्यापारी लोग नगरों में रहने लगे। नगरों के विकास के कारण व्यापारी लोग धनवान बनते चले गये। इन्होंने अपने रहने के निवास स्थानों को सुन्दर चित्रों एवं मूर्तियों से सुसज्जित करवाया। नगरों के निवासी स्वतंत्र वातावरण को पसन्द करते थे तथा कठोर नियमों के बन्धनों में बँधने के लिए तैयार नहीं थे। ये लोग मध्ययुगीन रूढ़ियों तथा अंधविश्वासों को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। इन लोगों की प्राचीन यूनानी तथा रोमन साहित्य एवं कला में रुचि थी। अतः नगरों के विकास के कारण स्वतंत्र चिंतन की प्रवृत्ति का विकास हुआ तथा लोगों में प्राचीन यूनानी एवं रोमन साहित्य तथा कला के प्रति रुचि भी बढ़ी। इससे पुनर्जागरण को प्रोत्साहन मिला।

5. व्यापार का विकास-

- धर्म-युद्धों के कारण यूरोप के पूर्वी देशों के साथ व्यापारिक संबंध स्थापित हुए। इससे व्यापार की अत्यधिक उन्नति हुई। उस समय वेनिस, मिलान, फ्लोरेंस आदि व्यापार के प्रसिद्ध केन्द्र बन गए। इस व्यापारिक संपर्क से यूरोपवासियों के ज्ञान में वृद्धि हुई। व्यापारिक विकास के कारण अनेक नगरों का उदय एवं विकास भी हुआ। नगरों का वातावरण स्वतंत्रता का था जिससे व्यापारियों में स्वतंत्र चिंतन की प्रवृत्ति उत्पन्न हुई। इसके अतिरिक्त धन की प्रचुरता के कारण व्यापारियों को अध्ययन करने का अवसर मिला। धनी व्यापारियों को बगदाद, काहिरा आदि से खरीदी हुई पुस्तकें पढ़ने का अवसर मिला। जिससे उनके ज्ञान-विज्ञान में वृद्धि हुई। व्यापारी लोग साहित्यकारों, लेखकों, कवियों, विद्वानों, कलाकारों आदि को उदारतापूर्वक आर्थिक सहायता देने लगे। इसके फलस्वरूप साहित्य, कला, विज्ञान आदि क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण उन्नति हुई।

6. सामन्तों की शक्ति का क्षीण होना-

- मध्य युग में सामन्तों का अत्यधिक प्रभाव था। सामन्त अपने क्षेत्रों में शासकों की भांति शासन करते थे। वे सामान्य जनता से अनेक प्रकार के कर वसूल करते थे। ये लोग युद्धों एवं लूटमार में भी लिप्त रहते थे। सामन्तों के कारण गृह-कलह, अशांति एवं अराजकता व्याप्त थी। सामन्त और चर्च के धर्माधिकारी दोनों जनता का शोषण करते थे। परन्तु 14वीं शताब्दी के अन्त तक सामन्तों की शक्ति अत्यन्त क्षीण हो चुकी थी। सामन्तवाद के पतन के कारण यूरोप में सुदृढ़ एवं राष्ट्रीय राज्यों की स्थापना हुई तथा अंशाति एवं अराजकता का वातावरण समाप्त हुआ। अब जनता के लिए स्वतंत्र रूप से चिंतन करना सुगम हो गया। परिणामस्वरूप साहित्य, कला, विज्ञान आदि की उन्नति के लिए अनुकूल वातावरण बन गया।

7. शिक्षा का विकास-

- मध्य युग के अन्त में शिक्षा की काफी उन्नति हुई। यूरोप के प्रमुख नगरों में विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई। इन विश्वविद्यालयों में विद्यार्थी किसी भी विषय का अध्ययन कर

अध्याय – 3

जर्मनी में नाजीवाद एंव इटली में फासीवाद

वाइमर गणराज्य (Weimar Republic) की स्थापना

जर्मनी में **वाइमर गणराज्य** (Weimar Republic) की स्थापना प्रथम विश्व युद्ध (1914-18) में जर्मनी की हार और **जर्मन साम्राज्य के पतन** के बाद हुई थी। इसकी स्थापना से जुड़ी मुख्य जानकारी -

- **ऐतिहासिक पृष्ठभूमि:** प्रथम विश्व युद्ध के अंतिम चरण में, जर्मनी की स्थिति बिगड़ने पर **जर्मन सम्राट विलियम द्वितीय ने 10 नवंबर, 1918 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया**। इसके बाद जर्मन साम्राज्य के खंडहरों पर एक नए गणराज्य की नींव रखी गई, जिसे वाइमर गणराज्य के नाम से जाना जाता है।
- **स्थापना की चुनौतियाँ:** इस नए गणराज्य को विरासत में **वर्साय की अपमानजनक संधि** मिली। हिटलर और कई राष्ट्रवादी जर्मनों का मानना था कि इस गणराज्य के नेताओं ने युद्ध के दौरान जर्मनी की "**पीठ में छुरा घोंपा**" था और वे देश की हार के लिए जिम्मेदार थे।
- **आर्थिक संकट:** वाइमर गणराज्य की शुरुआती अवधि **भयानक आर्थिक मंदी और मुद्रास्फीति** से भरी थी। 1923 तक स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि जर्मन 'मार्क' का मूल्य लगभग शून्य हो गया और एक डॉलर की कीमत खरबों मार्क तक पहुँच गई थी। बेरोजगारी और महंगाई के कारण जनता इस चुनी हुई सरकार से काफी नाराज थी।
- **संसदीय प्रणाली की विफलता:** जर्मनी में **संसदीय परंपरा का अभाव** था और लोग इस नई व्यवस्था के दोषों से असंतुष्ट थे। लोकतांत्रिक सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जर्मनी के हितों की रक्षा करने में विफल रही, जिससे जनता एक "मजबूत नेता" की तलाश करने लगी।
- **अंततः** वाइमर गणराज्य का अस्तित्व तब समाप्त होना शुरू हुआ जब **30 जनवरी, 1933 को एडोल्फ हिटलर जर्मनी का चांसलर बना**। हिटलर ने जल्द ही संसद की शक्तियाँ अपने हाथों में ले लीं और 1933 में वाइमर गणराज्य का औपचारिक रूप से **नाजी जर्मनी में विलय** हो गया।

यह गणराज्य एक "**बीमार गणराज्य**" के रूप में उभरा था, जिसकी विफलता ने ही जर्मनी में नाजीवाद और हिटलर के उदय का मार्ग प्रशस्त किया।

वाइमर गणराज्य के सामने चुनौतियाँ

वाइमर गणराज्य (Weimar Republic) की स्थापना प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी के लिए एक अत्यंत कठिन और चुनौतीपूर्ण समय में हुई थी। इस गणराज्य के सामने मौजूद प्रमुख चुनौतियों का विवरण नीचे दिया गया है:

1. वर्साय की अपमानजनक संधि

वाइमर गणराज्य के सामने सबसे बड़ी चुनौती **वर्साय की संधि** की शर्तों को लागू करना और उससे उत्पन्न राष्ट्रीय अपमान से निपटना था।

- इस संधि ने जर्मनी को आध्यात्मिक और भौतिक रूप से कुचल दिया था।
- गणराज्य के नेताओं (समाजवादियों, कैथोलिकों और यहूदियों) पर यह आरोप लगाया गया कि उन्होंने युद्ध के दौरान जर्मनी की "**पीठ में छुरा घोंपा**" (Stab in the back myth) है।
- राष्ट्रवादियों ने इसे एक "बीमार गणराज्य" माना जिसने अन्यायपूर्ण संधियों और सुलह की नीति को स्वीकार किया था।

2. भीषण आर्थिक संकट और मुद्रास्फीति

गणराज्य को विरासत में एक जर्जर अर्थव्यवस्था मिली थी, जो समय के साथ और बिगड़ती गई:

- **अति-मुद्रास्फीति (Hyperinflation):** 1921-23 के दौरान आर्थिक संकट इतना गहरा गया कि जर्मन मुद्रा 'मार्क' का मूल्य लगभग शून्य हो गया। 1914 में जहाँ एक डॉलर 4.2 मार्क का था, वहीं नवंबर 1923 तक इसकी कीमत **25 खरब 20 अरब मार्क** तक पहुँच गई थी।
- **बेरोजगारी:** 1929 की वैश्विक आर्थिक मंदी (Great Depression) ने स्थिति को और खराब कर दिया। 1930 तक जर्मनी में लगभग **50 लाख से अधिक लोग बेरोजगार** हो गए थे।

3. राजनीतिक अस्थिरता और विरोध

वाइमर गणराज्य को आंतरिक रूप से कई राजनीतिक गुटों से कड़ी चुनौती मिल रही थी:

- **वामपंथी और दक्षिणपंथी हमले:** जहाँ एक ओर **साम्यवादियों (Communists)** ने क्रांतिकारी तरीकों से सत्ता हथियाने की कोशिश की, वहीं दूसरी ओर प्रतिक्रियावादी तत्वों ने गणतंत्र की विफलताओं का लाभ उठाकर लोकतंत्र के खिलाफ प्रचार किया।
- **संसदीय परंपरा का अभाव:** जर्मनी में संसदीय शासन प्रणाली के प्रति लोगों में विश्वास की कमी थी, जिसके कारण तानाशाही के लिए रास्ता साफ होने लगा। लोगों को लगा कि निर्वाचित सरकार केवल अपना ठाट-बाट देख रही है और देश की समस्याओं को हल करने में अक्षम है।

4. अंतर्राष्ट्रीय दबाव और सैन्य सीमाएं

- जर्मनी के **अस्त्र-शस्त्र और सैन्य शक्ति** को बहुत छोटा कर दिया गया था।
- फ्रांस का निरंतर शत्रुतापूर्ण व्यवहार, जैसे कि रुहर (Ruhr) और राइनलैंड (Rhineland) पर कब्जा, गणराज्य के लिए एक बड़ी कूटनीतिक चुनौती थी।
- सुरक्षा और निशस्त्रीकरण के मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले अंतहीन विवादों ने जर्मन जनता के आक्रोश को और बढ़ा दिया।

इन सभी चुनौतियों—आर्थिक बदहाली, राजनीतिक अस्थिरता और राष्ट्रीय अपमान—ने संयुक्त रूप से एक ऐसा माहौल तैयार किया जिसमें जनता एक "मजबूत नेता" की तलाश करने लगी, जिससे अंततः **नाजीवाद और एडोल्फ हिटलर** के उदय का मार्ग प्रशस्त हुआ।

प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी और इटली में **आर्थिक संकट** ने **राजनैतिक रेडिकलवाद** (Political Radicalism) के उदय के लिए एक उपजाऊ ज़मीन तैयार की। इन दोनों देशों में आर्थिक बदहाली और राजनीतिक अस्थिरता ने उग्र विचारधाराओं को सत्ता तक पहुँचाया।

जर्मनी में आर्थिक संकट और रेडिकलवाद

जर्मनी में वाइमर गणराज्य की स्थापना के समय से ही स्थिति अत्यंत चुनौतीपूर्ण थी:

- **वर्साय की संधि और अपमान:** गणराज्य के नेताओं पर युद्ध में हार के लिए "पीठ में छुरा घोंपने" का आरोप लगाया गया, जिसने दक्षिणपंथी रेडिकलवाद को बढ़ावा दिया।
- **भीषण मुद्रास्फीति (1921-23):** युद्ध के बाद जर्मनी की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई कि 1923 तक जर्मन 'मार्क' का मूल्य लगभग शून्य हो गया। 1914 में जहाँ एक डॉलर 4.2 मार्क का था, वहीं नवंबर 1923 तक इसकी कीमत **25 खरब 20 अरब मार्क** तक पहुँच गई थी। इसने मध्यम वर्ग को कंगाल बना दिया, जिससे वे नाजी पार्टी (NSDAP) जैसे रेडिकल समूहों की ओर आकर्षित होने लगे।
- **1929 की आर्थिक मंदी (Great Depression):** इस मंदी ने जर्मनी में बेरोजगारी की समस्या को चरम पर पहुँचा दिया। 1930 तक **50 लाख से अधिक लोग बेरोजगार** हो गए थे।
- **नाजीवाद का उदय:** इस हताशा के माहौल में हिटलर ने बेरोजगारी दूर करने और वर्साय की संधि को खत्म करने का आश्वासन दिया। परिणामस्वरूप, 1930 के चुनावों में नाजियों की सीटें 12 से बढ़कर 107 हो गईं, जिससे वे एक बड़ी राजनीतिक शक्ति बन गए।

इटली में आर्थिक अस्थिरता और संघर्ष

इटली में भी आर्थिक संकट ने क्रांतिकारी आंदोलनों को जन्म दिया:

- **युद्धोत्तर अव्यवस्था:** युद्ध के कारण इटली की आर्थिक संरचना ध्वस्त हो गई थी, जिससे भारी बेरोजगारी और महंगाई पैदा हुई।
- **समाजवादी और साम्यवादी रेडिकलवाद:** आर्थिक संकट के कारण 1919-1920 के दौरान मजदूरों और किसानों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किए। समाजवादी कार्यकर्ताओं ने उत्तरी इटली के कारखानों पर कब्जा कर लिया और कैथोलिक किसानों ने जमींदारों की जमीनें छीन लीं।
- **फासीवाद का उदय:** साम्यवादी क्रांति के डर ने उद्योगपतियों और जमींदारों को डरा दिया। बेनिटो मुसोलिनी ने इस डर का लाभ उठाया और खुद को साम्यवाद के खिलाफ एकमात्र रक्षक के रूप में पेश किया, जिससे इटली में फासीवादी तानाशाही का मार्ग प्रशस्त हुआ।

निष्कर्ष - आर्थिक बदहाली ने जनता का लोकतंत्र से विश्वास कम कर दिया और उन्हें एक ऐसे "मजबूत नेता" की तलाश करने के लिए मजबूर किया जो अनुशासन और समृद्धि ला सके, जिससे अंततः नाजीवाद और फासीवाद जैसी तानाशाही विचारधाराओं की जीत हुई।

नाजीवाद

- **नाजीवाद** (Nazism) मुख्य रूप से जर्मन तानाशाह **एडोल्फ हिटलर** की एक उग्र राष्ट्रवादी, नस्लवादी और सर्वाधिकारवादी विचारधारा थी, जो "नेशनल सोशलिस्ट जर्मन वर्कर्स पार्टी" **(नाजी पार्टी)** के सिद्धांतों पर आधारित थी। यह विचारधारा 1933 से 1945 तक जर्मनी में प्रभावी रही और इसने न केवल जर्मनी बल्कि पूरी दुनिया के इतिहास को बदल दिया।

नाजीवाद के प्रमुख पहलुओं का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है:

नाजीवाद के मुख्य सिद्धांत

- **नस्लीय श्रेष्ठता (आर्यवाद):** नाजियों का मानना था कि **आर्य (जर्मन)** विश्व की सर्वश्रेष्ठ नस्ल हैं और उन्हें पूरी दुनिया पर शासन करने का नैसर्गिक अधिकार है। हिटलर ने "शुद्ध रक्त" की संतान को बढ़ावा देने और अस्वस्थ या "अवांछनीय" लोगों के जन्म पर रोक लगाने की वकालत की।
- **यहूदी-विरोध (Anti-Semitism):** नाजी विचारधारा में यहूदियों के प्रति अत्यधिक नफरत थी। उन्हें जर्मनी की आर्थिक मंदी, प्रथम विश्व युद्ध में हार और "संस्कृति के पतन" के लिए जिम्मेदार ठहराया गया।
- **तानाशाही और 'फ्यूरर' सिद्धांत:** नाजीवाद लोकतंत्र और बहुदलीय शासन का पूरी तरह विरोध करता था। "एक राष्ट्र, एक दल, एक नेता" के तहत हिटलर को सर्वोच्च शक्ति (फ्यूरर) माना गया, जिसके आदेश का पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य था।
- **लेबेन्सराम (विस्तारवाद):** हिटलर का मानना था कि श्रेष्ठ जर्मन जाति के फलने-फूलने के लिए अधिक भूमि की आवश्यकता है, जिसे उसने **'लेबेन्सराम'** (रहने की जगह) कहा। इसी नीति के कारण उसने पड़ोसी देशों पर आक्रमण किए।
- **साम्यवाद और लोकतंत्र का विरोध:** नाजीवाद मार्क्सवाद और संसदीय लोकतंत्र को कमजोर और राष्ट्र के लिए घातक मानता था।

नाजीवाद के उदय के प्रमुख कारण

1. **वर्साय की संधि का अपमान:** प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी पर थोपी गई यह संधि अत्यंत अपमानजनक थी, जिसने जर्मन जनता में बदले की भावना पैदा की।
2. **भीषण आर्थिक संकट:** 1929 की वैश्विक आर्थिक मंदी के कारण जर्मनी में बेरोजगारी (50 लाख से अधिक लोग) और महंगाई चरम पर पहुंच गई, जिससे जनता का लोकतांत्रिक सरकार से भरोसा उठ गया।
3. **वाइमर गणराज्य की विफलता:** तत्कालीन लोकतांत्रिक सरकार (वाइमर गणराज्य) आर्थिक और राजनीतिक समस्याओं को सुलझाने में अक्षम रही, जिससे तानाशाही के लिए रास्ता साफ हो गया।
4. **हिटलर का चमत्कारी व्यक्तित्व:** हिटलर एक असाधारण वक्ता था। उसने अपने नफरत भरे लेकिन ओजस्वी भाषणों